SNBP INTERNATIONAL SCHOOL,CHIKHALI, PUNE
Affiliation No. 1130703
ACADEMIC SESSION 2024-25
CLASS NOTES

Prepared by: Ms. Salma (   ) **Class:5**

Subject: Hindi **व्याकरण-पाठ-१६ पत्र-लेखन**

पत्र- पत्र लेखन एक विशिष्ट कला है ।

पत्र की भाषा सरल व स्पष्ट होनी चाहिए ।

पत्र अनावश्यक रूप से बड़ा नहीं होना चाहिए ।

पत्र दो प्रकार के होते हैं –

१) औपचारिक पत्र   २) अनौपचारिक पत्र

औपचारिक पत्र– ये पत्र प्रधानाचार्य,सरकारी-कार्यालय आदि को लिखे जाते हैं ।

अनौपचारिक पत्र- ये पत्र रिश्तेदारों, संबंधियों और अपने दोस्तों को लिखे जाते हैं।

जैसे– औपचारिक पत्र

अपने प्रधानाचार्या को विद्यालय त्यागने का प्रमाण-पत्र देने के लिए प्रार्थना पत्र।

पता – ____________________

____

दिनांक – ____________________

सेवा में,

श्रीमती प्रधानाचार्या जी,

एस.एन.बी.पी. इंटरनेशनल स्कूल,

चिखली

विषय – विद्यालय त्याग प्रमाण-पत्र के लिए पत्र।

महोदया जी,

सविनय निवेदन है कि मैं कक्षा पाँचवी का छात्र / छात्रा हूँ। मेरे पिता जी कंपनी में कार्यरत हैं । उनका तबादला दिल्ली हो गया है। मुझे दिल्ली के विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए विद्यालय त्याग प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। अतः आपसे निवेदन है कि मुझे विद्यालय त्याग प्रमाण पत्र देने की कृपा करें।

धन्यवाद

आपका आज्ञाकारी शिष्य

अनौपचारिक पत्र -

परीक्षा में सफलता के लिए मित्र को बधाई पत्र।

पता – ______________________

____

दिनांक– ____________________

प्रिय मित्र सोहन

नमस्कार,

आज ही तुम्हारा पत्र मिला। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि तुमने इस बार भी अपने विद्यालय में सबसे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। तुमने यह प्रमाणित कर दिया कि परिश्रम का फल मीठा ही होता है। तुमने साल भर जो परिश्रम किया, उसका फल तुम्हें मिला। मुझे उम्मीद है कि भविष्य में भी तुम इसी प्रकार सफलता प्राप्त करते रहोगे। अपने माता-पिता को मेरा प्रणाम कहना।

तुम्हारा मित्र

____